MMR (खसरा, मंप्स, और रूबेल) टीका

आपको क्या जानने की आवश्यकता है

अनेक टीका जानकारी विवरण स्पेनिश और अन्य भाषाओं में उपलब्ध हैं।
www.immunize.org/vis देखें।
Hojas de Informacián Sobre Vacunas están disponibles en Español y en muchos otros idiomas. Visite http://www.immunize.org/vis

1 यह टीका क्यों लगवाएं?

खसरा, गलगंड (मंप्स) और जर्मन खसरा (रूबेल) गंभीर बीमारियां हैं। टीकों के आविष्कार से पहले, ये बहुत आम बीमारियां थीं, विशेषकर बच्चों में।

खसरा

- खसरे के वायरस से ददोरा, खांसी, नाक बहना, आंखों में जलन, और बुखार होते हैं।
- इसके कारण कानों का संक्रमण, निमोनिया, दौरे आना (झटके और घूरती आंखें), दिमाग को नुकसान, और मौत हो सकते हैं।

मंप्स

- मंप्स के वायरस के कारण बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, भूख न लगना और ग्रंथियों में सूजन आने की घटनाएं होती है।
- इसके कारण बधिरपन, मेनिन्जाइटिस (दिमाग और मेरुरज्जु के खोल का संक्रमण), वृषणों अथवा अंडाशय में दर्दयुक्त सूजन होती है, और बहुत विरल मामलों में बांझपन हो सकता है।

रूबेल (जर्मन खसरा)

- रूबेल के कारण ददोरे, आथ्राइटिस (अधिकांशत: महिलाओं में), और हल्का बुखार होता है।
- यदि किसी महिला को रूबेल होता है और वह गर्भवती है तो उसका गर्भपात हो सकता है अथवा उसके बच्चे का जन्म गंभीर जन्मजात दोषों के साथ हो सकता है।

ये बीमारियां हवा के जरिए एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलती हैं। यदि किसी व्यक्ति को पहले ही इनका संक्रमण है तो आपको भी उनके आस-पास रहते हुए आसानी से ये हो सकती हैं।

खसरा, मंप्स और रूबेल (MMR) का टीका इन तीनों बीमारियों से बच्चों (और वयस्कों) की रक्षा कर सकता है।

टीकाकरण कार्यक्रमों की बदौलत, ये बीमारियां अब यू.एस. में पहले से कहीं कम सामान्य हैं। लेकिन यदि हम टीकाकरण को रोक दें तो वे लौट आएंगी।

2 MMR का टीका किसे देना चाहिए और कब?

बच्चों को MMR टीके की 2 खुराकें दी जानी चाहिएं:

– पहली खुराक: 12-15 माह की उम्र पर

– दूसरी खुराक: 4-6 वर्ष की उम्र पर (पहले भी दी जा सकती है, यदि वह पहली खुराक के कम से कम 28 दिन बाद हो)

12 माह से छोटी उम्र के कुछ शिशुओं को MMR की एक खुराक दी जानी चाहिए यदि वे विदेश यात्रा कर रहे हों। (इस खुराक की गिनती उनकी नेमी श्रृंखला में नहीं की जाएगी।)

कुछ वयस्कों को भी MMR का टीका लगवाना चाहिए: सामान्यत: 18 वर्ष या इससे बड़े हर व्यक्ति को जिसका जन्म 1956 के बाद हुआ था, MMR के टीके की कम से कम एक खुराक लेनी चाहिए, जब तक वे यह न दिखाएं कि या तो उनका टीकाकरण हो चुका है या उन्हें तीनों बीमारियां हो चुकी हैं।

MMR के टीके, दूसरे टीकों के साथ ही दिए जा सकते हैं।

1 से 12 वर्ष की उम्र के बीच के बच्चों को एक “संयोजन” टीका दिया जा सकता है जिसे MMRV कहते हैं, इसमें MMR और छोटी माता (चिकनपॉक्स) दोनों टीके होते हैं। MMRV के लिए एक अलग टीका जानकारी विवरण है।

3 कुछ लोगों को MMR का टीका नहीं लगवाना चाहिए अथवा उन्हें इंतजार करना चाहिए।

- किसी भी व्यक्ति को जिसे नियोमाइसिन नामक एंटीबायोटिक से कभी जीवन को खतरे में डालने वाली एलर्जी प्रतिक्रिया हुई हो, अथवा किसी अन्य MMR घटक से ऐसा हुआ हो, यह टीका नहीं दिया जाना चाहिए। यदि आपको कोई गंभीर एलर्जी हैं तो अपने डॉक्टर को बताएं।

- किसी भी व्यक्ति को जिसे MMR अथवा MMRV टीके की पहले ली गई खुराक से कभी जीवन को खतरे में डालने वाली एलर्जी प्रतिक्रिया हुई हो, उसे दूसरी खुराक नहीं दी जानी चाहिए।

- कुछ लोगों को, जो टीके के लिए निर्धारित समय पर बीमार हों उन्हें सलाह दी जाएगी कि वे ठीक होने तक इंतजार करें और उसके बाद ही MMR का टीका लगवाएं।

- गर्भवती महिलाओं को MMR का टीका नही लगवाना चाहिए। जिन गर्भवती महिलाओं को इस टीके की आवश्यकता है उन्हें बच्चे को जन्म देने तक इंतजार करना चाहिए। महिलाओं को तब तक गर्भधारण से बचना चाहिए जब तक MMR का टीका लिए 4 सप्ताह नहीं बीत जाते।

U.S. Department of Health and Human Services
Centers for Disease Control and Prevention

- अपने डॉक्टर को बताएं यदि यह टीका ले रहे व्यक्ति पर निम्नलिखित बातें लागू होती हैं:
  - उसे HIV/AIDS है, अथवा अन्य कोई ऐसी बीमारी है जिसका प्रभाव उसकी प्रतिरक्षा प्रणाली पर पड़ता हो
  - उसका इलाज किसी ऐसी दवा से किया जा रहा हो जिसका प्रभाव उसकी प्रतिरक्षा प्रणाली पर पड़ता हो, जैसे कि स्टीरॉइड दवाएं
  - उसे किसी भी प्रकार का कैंसर हो
  - विकिरण दवाओं से उसका उपचार कैंसर के लिए किया जा रहा हो
  - कभी भी उसकी प्लेटलेट की संख्या कम न्यून रही हो (एक रक्त विकार)
  - उसने पिछले 4 सप्ताह के भीतर दूसरा टीका लगवाया हो
  - उसे हाल ही में कोई द्रव चढ़ाया गया हो अथवा उसे कोई उसे कोई अन्य रक्त उत्पाद दिए गए हों

  इनमें से किसी भी कारण से टीका नहीं दिया जा सकता है, अथवा टीका देने के कार्य को बाद के समय तक विलंबित किया जा सकता है।

4 MMR के टीके से क्या-क्या खतरे हैं?

किसी भी दवा की भांति, टीके से भी संभाव्य रूप से गंभीर समस्याएं हो सकती हैं, जैसे कि गंभीर एलर्जी प्रतिक्रियाएं।

MMR के टीके से गंभीर नुकसान, या मृत्यु होने का खतरा बहुत की कम होता है।

MMR का टीका लगवाना उस स्थिति से कहीं अधिक सुरक्षित है जितना कि खसरा, मंप्स अथवा रूबेल की बीमारी हो जाना।

MMR का टीका लगवाने वाले अधिकांश लोगों को इसके कारण कोई भी गंभीर समस्या नहीं होती।

हल्की समस्याएं

- बुखार आना (6 में से 1 तक व्यक्ति को)
- हल्का ददोरा (20 में से 1 तक व्यक्ति को)
- गालों अथवा गर्दन की ग्रंथियों में सूजन आना (75 में से लगभग 1 व्यक्ति को)

यदि ये समस्याएं होती हैं तो सामान्यत: ये इंजेक्शन लगाए जाने के 6-14 दिनों के भीतर होती हैं। दूसरी खुराक के बाद ये और भी कम होती हैं।

मध्यम समस्याएं

- दौरे आना (झटके लगना अथवा घूरती नजरें) जो बुखार के कारण होता है (3,000 खुराकों में से लगभग 1 बार)
- जोड़ों में अस्थाई दर्द और कड़ापन, अधिकांशत: किशोर उम्र की अथवा वयस्क महिलाओं में (4 में से 1 तक मामले में)
- अस्थाई तौर पर प्लेटलेट की संख्या गिरना, जिसके कारण रक्तस्राव का विकार हो सकता है (30,000 में से लगभग 1 मामले में)

गंभीर समस्याएं (बहुत विरल)

- गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया (एक मिलियन खुराकों में से 1 से भी कम मामले में)
- किसी बच्चे को MMR का टीका लगाए जाने के बाद कई अन्य गंभीर समस्याओं की सूचना दी गई है, जिनमें शामिल हैं:
  - बधिरपन
  - दीर्घकालिक दौरे, कोमा, अथवा कम चेतना
  - दिमाग को स्थाई नुकसान पहुंचना

  ये इतने विरल हैं कि यह कहना कठिन है इनका कारण टीका ही है।

5 यदि कोई गंभीर प्रतिक्रिया होती है तो क्या होगा?

मुझे किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

- कोई भी असामान्य दशा, जैसे कि अधिक बुखार अथवा असामान्य व्यवहार। गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया के चिह्नों में शामिल हो सकते हैं सांस लेने में दिक्कत होना, आवाज कर्कश होना अथवा घरघराहट, चकत्ते, पीलापन, कमजोरी, तेज हृदयगति अथवा चक्कर आना।

मुझे क्या करना चाहिए?

- डॉक्टर को फोन करें, अथवा प्रभावित व्यक्ति को तुरंत डॉक्टर के पास ले जाएं।
- अपने डॉक्टर को बताएं कि क्या हुआ, होने की तारीख और समय समय, और टीका कब दिया गया था।
- अपने डॉक्टर से पूछें कि आपको एक वैक्सीन एडवर्स ईवेंट रिपोर्टिंग सिस्टम (VAERS) फार्म प्रतिक्रिया की रिपोर्ट करनी है। अथवा आप यह रिपोर्ट VAERS की वेबसाइट www.vaers.hhs.gov पर भरकर, अथवा 1-800-822-7967 पर कॉल करके दे सकते हैं। 1-800-822-7967.

VAERS द्वारा चिकित्सा सलाह प्रदान नहीं की जाती।

6 राष्ट्रीय टीका क्षति मुआवजा कार्यक्रम

राष्ट्रीय टीका क्षति मुआवजा कार्यक्रम (VICP) की शुरुआत 1986 में की गई थी।

जिन लोगों को लगता है कि संभवतः उन्हें टीके से क्षति पहुंची है, वे 1-800-338-2382 पर कॉल करके अथवा VICP की वेबसाइट www.hrsa.gov/vaccinecompensation पर जाकर इस कार्यक्रम के बारे में और दावा दायर करने के बारे में जान सकते हैं।

7 मैं अधिक जानकारी कैसे प्राप्त कर सकता(ती) हूं?

- अपने डॉक्टर से पूछें।
- अपने स्थानीय अथवा राज्य स्वास्थ्य विभाग को फोन करें।
- रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों (CDC) से संपर्क करें:
  - कॉल करें 1-800-232-4636 (1-800-CDC-INFO) अथवा
  - CDC की वेबसाइट पर जाएं www.cdc.gov/vaccines

Vaccine Information Statement (Interim)
MMR Vaccine
Hindi
4/20/2012
42 U.S.C. § 300aa-26

Office Use Only

Translation provided by the California Department of Public Health